तापमान
अधिकतम 45.6 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 21 मई 2025

11 महम में सफाई व्यवस्था चरमराई वार्डों में जगह ...



12 ड्रेनों और शहर के सभी बरसाती नालों की सफाई ...




## खबर संक्षेप

### मदविः पीएचडी की परीक्षाएं 26 मई से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की पीएचडी कोर्स वर्ष की परीक्षाएं 26 मई से प्रारंभ होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि उपरोक्त परीक्षाओं की डेटशीट विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

### जूलॉजी के 10 छात्रों ने यूजीसी नेट उत्तीर्ण की

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग के 10 विद्यार्थियों ने यूजीसी-जेआरएफ, नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। जूलोजी विभाग की अध्यक्षा प्रो. मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि विभाग के विद्यार्थी साक्षी, निकिता, अंकिता, मोहित, लतिका, प्रिया, स्वाथि तथा नम्रता ने यूजीसी-जेआरएफ तथा कविता शर्मा व शुभम ने यूजीसी-नेट परीक्षा पास कर विभाग एवं विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### चकबंदी के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश धर्मेंद्र सिंह ने गांव निंदाना में चकबंदी के बाद 21 मई से 4 जून तक कब्जा कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। आदेश के तहत 21 से 24 मई तक लाखनमाजरा के नायब तहसीलदार प्रदीप अहलावत, 25 से 28 तक रोहतक के नायब तहसीलदार दीपक, 29 मई से 1 जून तक महम के नायब तहसीलदार राहुल बूरा तथा 2 से 4 जून तक सांपला के नायब तहसीलदार जितेंद्र को डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेश के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा डयूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

### चोरी की वारदात में दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने चोरी की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। शहर थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि अनंतपुरम सोसायटी रोहतक निवासी जयकिशन की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 17-18 मई को अज्ञात युवकों ने जयकिशन के घर में घुसकर घर से करीब डेढ़ लाख रुपये व अन्य सामान चोरी कर मौके से फरार हो गए।

### स्नातक के प्रथम वर्ष की दाखिला प्रक्रिया शुरू

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक स्तर 2025-26 के लिए स्नातक के प्रथम वर्ष की दाखिला प्रक्रिया प्रदेश के सभी डिग्री कॉलेज में शुरू कर दी गई है। सरकार स्नातक कोर्स में ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों का पंजीकरण करवाने के प्रति उत्सुक है। विद्यार्थियों के लिए स्नातक कार्यक्रमों जैसे बीए, बीकॉम, बैचलर ऑफ फिजिकल साइंसिज, बैचलर ऑफ लाइफ साइंसिज, बीसीए, बीबीए आदि के लिए एडमिशन पोर्टल को 19 मई 2025 से खोल दिया गया है।

### युवक पर जानलेवा हमला, केस दर्ज

**रोहतक।** गांव शिमली निवासी विजय पर उसके दामाद ने जानलेवा हमला कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस को दी शिकायत में विजय ने बताया कि वह दोस्त सतीश के साथ टोल टैक्स डीघल से ड्यूटी पूरी करके रात के समय गांव जा रहा था। बाइक अड़ाकर रॉड से उस पर हमला किया था।

ईंट-भट्ठे पर कर रहे थे काम, नहीं मिले वैध दस्तावेज

# रोहतक में बड़ी कार्रवाई, 29 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

पुलिस लाइन में रखे गए बांग्लादेशियों की संख्या बढ़कर 59 तक पहुंची

- पुलिस का अभियान अभी भी जारी है और अन्य स्थानों पर भी की जा रही है जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने अवैध अप्रवासियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कलानौर क्षेत्र में एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक ईंट भट्ठे पर काम कर रहे 29 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास भारत में रहने के कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। इस कार्रवाई के बाद पुलिस लाइन में रखे गए बांग्लादेशियों की कुल संख्या अब 59 हो गई है। पुलिस का यह अभियान अभी भी जारी है और अन्य स्थानों पर भी जांच की जा रही है। भारत में पहलगाम में आतंकी घटना के बाद से पूरे देश में पाकिस्तानियों व बांग्लादेशियों को बाहर निकालने की मांग की जा रही है। इसी के चलते डीजीपी ने पूरे हरियाणा में बांग्लादेशियों को पकड़ने के निर्देश दे रखे है। रोहतक पुलिस बांग्लादेशियों को पकड़ने के लिए निरंतर अभियान चला रही है, ताकि उन्हें पकड़कर वापस उनके देश में भेजा जा सके।

### ईंट-भट्ठे पर छापेमारी

कलानौर क्षेत्र में स्थित एक ईंट भट्ठे पर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वहां कुछ बांग्लादेशी नागरिक काम कर रहे हैं। सूचना के आधार पर, पुलिस टीम ने भट्ठे पर छापा मारा। पुलिस ने जब वहां काम कर रहे लोगों से पूछताछ की और उनके पहचान पत्र मांगे, तो उनमें से कई कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाए।

पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ करने पर, इन लोगों ने कबूल किया कि वे अवैध रूप से बांग्लादेश से भारत आए हैं। गिरफ्तार किए गए 29 लोगों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं, जो इस अवैध प्रवास की जटिलता को दर्शाता है।

**कार्रवाई करती पुलिस**



**रोहतक।** भट्ठे पर काम करते हुए पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिकों के कागजातों की जांच करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

**पुलिस लाइन भेजने के लिए गाड़ी में चढ़ाते हुए**



### कागजी कार्रवाई के बाद भेजा जाएगा वापस

डीजीपी के निर्देशों के अनुसार वे प्रवासी लोगों की पहचान के लिए ईंट भट्ठों पर लगातार जांच अभियान चला रहे हैं। इसी अभियान के तहत, एक, भट्ठे पर 29 बांग्लादेशी काम करते हुए पाए गए। इनकी गिरफ्तारी की प्रक्रिया जारी है और इन्हें अब रोहतक पुलिस लाइन में भेज दिया गया है। अन्य भट्ठों पर भी जांच जारी है। बांग्लादेशियों को लेकर कागजी कार्रवाई चल रही है, जिसके बाद उन्हें वापस उनके देश भेजने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। -**सतपाल सिंह**, थाना प्रभारी, कलानौर

### पश्चिम बंगाल में जाकिर नाम का है दलाल

बांग्लादेश से आए मुशर्रफ ने बताया कि उनका जो जमादार है, वह भी बांग्लादेश का रहने वाला है। उसने कहा था कि पैसा कमाना है और बहुत से लालच दिए, जिसके कारण वह भारत आ गए। पश्चिम बंगाल में एक जाकिर नाम का दलाल है, जिसके साथ 4-5 आदमी ओर है। उन्होंने बार्डर को क्रॉस करवाया था। बार्डर एक दिन में पार हो गया था।

### 25 साल पहले भारत आए थे

भट्ठे पर काम करने वाले महाबुल ने बताया कि करीब 25 साल पहले बांग्लादेश से कमाने के लिए भारत में बालाघाट पश्चिम बंगाल से प्रवेश किया था। दिन के समय ही भारत की सीमा में आए, क्योंकि उस समय कोई पुलिस का इतना सख्त पहरा नहीं था।




**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए डीईओ के माध्यम से एसीएस के नाम ज्ञापन सौंपते हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन के पदाधिकारी।

# मांगों को लेकर हेमसा ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

5 जून डायरेक्टर ऑफिस पर प्रदर्शन

- 9 जुलाई राष्ट्रव्यापी हड़ताल में लेंगे बढ़ चढ़कर भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन जिला कमेटी की मिनी सचिवालय में डीईओ के साथ कर्मियों के साथ मांग-मुद्दों को लेकर मीटिंग हुई। मीटिंग की अध्यक्षता प्रधान रामप्यारा हुड्डा ने तथा संचालन सचिव राजेश खरकड़ा द्वारा किया गया। जिला कमेटी सदस्यों ने डीईओ के माध्यम से एसीएस के नाम ज्ञापन सौंपा। राज्य कमेटी की ओर से कमलकांत सहरावत, मुकेश खरब ने बताया कि सरकार व शिक्षा विभाग रेशनेलाईजेशन के नाम पर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ के पदों को समाप्त कर रहा है। पोस्ट कैप्ट व मर्जिंग का नाम देकर स्कूलों को बंद किया जा रहा है। शिक्षा विभाग में आऊटसोर्सिंग, ठेका प्रथा, पीपीपी, निजीकरण की नीतियों को लागू कर पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। आंदोलन के प्रथम चरण में हरियाणा शिक्षा विभाग तालमेल कमेटी के आह्वान पर 5 जून डायरेक्टर दफ्तर पंचकूला पर होने वाले मास डेपुटेशन प्रदर्शन में आवाज बुलंद की जाएगी। द्वितीय चरण में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, कर्मचारी संगठनों, अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल में भी भाग लिया जाएगा।

### ये है मांगे

ऑनलाई ड्राइव तत्काल स्थानांतरण, 25 अगस्त 2014 मंत्रिमंडल का फैसला लागू करवाने, सभी खाली पदों पर भर्तियां व पदोन्नतियां, सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में सहायक, बीईओ में आंकड़ा सहायक, उपाधीक्षक, डीईईओ में अधीक्षक, डीईओ में स्थापना अधिकारी का पद नई राष्ट्रीय नीति पर रोक, योग्यता अनुसार उच्च पदों पर समायोजन, कठिन क्षेत्र का स्पेशल भत्ता आदि।

फेंका पर्चा, इस बार शराब ठेके के लिए न करें आवेदन

# महमः शराब ठेके पर गोली चलाकर फरार हुए बदमाश




**महम।** शराब के इस ठेके पर हुई फायरिंग के बाद ठेके के अंदर जांच करती स्थानीय पुलिस व जांच एजेंसियों के अधिकारी।

पुलिस ने ठेके के अंदर से गोली का खोल बरामद कर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

मंगलवार दोपहर को ढाई बजे महम में नए बस स्टैंड के पास स्थित शराब के ठेके पर दो युवक एक बाइक पर सवार होकर आए। दोनों युवकों के हाथों में हथियार थे। उन्होंने ठेके पर फायर कर दिया। इस दौरान ठेके पर बैठा कारिंदा महम निवासी रामअवतार पुत्र पारस बाल बाल बच गया। जाते जाते बदमाशों ने वहां पर एक पर्चा फेंक दिया। जिस पर उन्होंने लिखा था कि कोई भी शराब का ठेका लेने के लिए इस बार फार्म न भरे। वे ठेका लेंगे। पर्चे पर लिखा था कि जो भी फार्म भरेगा, वे उसे जान से मार देंगे। साथ ही उन्होंने यह भी लिखा कि यह उनकी रिक्वेस्ट है। फायरिंग की खबर शहर में आग की तरह फैल गई। शहर में दहशत का माहौल हो गया। शराब ठेके पर फायरिंग की सूचना मिलते ही डीएसपी संदीप कुमार व शहर चौकी प्रभारी पंकज मौके पर पहुंचे। पुलिस को ठेके के अंदर से गोली का खोल बरामद किया है। बदमाशों का मकसद शराब कारोबारियों में दहशत पैदा करना और अलगी बार का ठेका खुद लेने की मंशा थी। पुलिस ने वारदात स्थल से सीसीटीवी कैमरे की फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### बोहर में दुकान से 2 लाख रुपये चोरी, वारदात सीसीटीवी में कैद

**रोहतक।** गांव बोहर में दिनदहाड़े एक दुकान से 2 लाख रुपये की चोरी हो गई। चोरी की पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। सीसीटीवी में दो बाइक सवार युवक चोरी करते नजर आ रहे है। इसकी सूचना दुकान मालिक ने अर्बन एस्टेट थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी और सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ली। सीसीटीवी के अधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मोरखेड़ी हाल गांव बोहर में निवासी रोहित ने बताया कि भोलू बिल्डर्स के नाम से बिल्डिंग मेटिरियल का ऑफिस बोहर पुल के पास कर रखा है। सुबह करीब सवा 10 बजे वह किसी काम से गांव बोहर में चला गया। वह आफिस को खुला ही छोड़ गया और उसकी टेबल की दराज में अलमारी व ऑफिस की चाबी रखी हुई थी। उसके आने से पहले ही आरोपी चोरी करके फरार हो गए। रोहित ने बताया कि कुछ समय बाद जब वह वापिस आया तो अलमारी का दरवाजा खुला हुआ था और उसमें चाबी भी लगी हुई थी। जब अलमारी को चेक किया तो उसमें रखे 1 लाख 96 हजार रुपये गायब मिले। पुलिस को चोरी की शिकायत दी। सीसीटीवी को चेक किया तो दो युवक बाइक पर सवार होकर आते दिख रहे है।

#### की जा रही जांच

चोरी की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज को चेक किया। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार व रोहित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। -**सतीश कुमार**, एएसआई, अर्बन एस्टेट

किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा

# प्रशासन ने रोहतक व मकडौली खुर्द में 4 अवैध कॉलोनियां तोड़ी

- जिला नगर योजनाकार ने कहा, खून पसीने की कमाई अवैध कॉलोनी में न लगाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रशासन ने रोहतक व मकड़ौली खुर्द में लगभग 15 एकड़ में विकसित की जा रही 4 अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया गया। कॉलोनी में आरसीसी चारदीवारी, दो अवैध निर्माण, पांच नींव व टाइल रोड नेटवर्क को तोड़ा गया। अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा तथा अवैध कालोनी/निर्माण को पनपने नहीं दिया जाएगा। ऐसा कॉलोनी तोड़ने वाले अफसरों का कहना है।

मंगलवार को अभियान के दौरान जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी के अलावा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा। जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों में या डीलर/भू-मालिकों के द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्रवाई समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जायेगी। उन्होंने कहा कि नागरिक अपने जीवन की जमा पूंजी को अवैध कालोनी/निर्माण में निवेश न करें। ऐसी कालोनियों व निर्माण के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर अभियान चलाया जाता है।





अधिकारियों के साथ बैठक में राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने दिए निर्देश

# प्रत्येक स्कूल वाहन में महिला सहायक को रखना अनिवार्यः डॉ. मांगेराम

सुरक्षित वाहन पॉलिसी और स्कूल बैग पॉलिसी के बारे में निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य डॉ. मांगेराम और मीना कुमारी द्वारा मंगलवार को जिला के अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इसमें बच्चों के हित को देखते हुए सरकार के द्वारा चलाई जा रही सुरक्षित वाहन पॉलिसी और स्कूल बैग पॉलिसी के बारे में दिशा निर्देश जारी किए गए। सदस्यों ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में जितने भी स्कूल हैं, उनके वाहनों के लिए सरकार ने जो मापदंड निर्धारित किए हैं, उनकी पालना सुनिश्चित की जाए। बैठक में बताया गया है कि प्रत्येक स्कूल वाहन में एक महिला सहायिका का होना आवश्यक है। फर्स्ट एड किट भी बस में उपलब्ध होने चाहिए, जिसमें कोई भी दवाई एक्सपायर ना हुई हो।




**रोहतक।** जिला के अधिकारियों के साथ हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य डॉ. मांगेराम व मीना कुमारी। फोटो : हरिभूमि

### मापदंडों की अवहेलना होगीकार्रवाई

सदस्य मीना कुमारी ने बताया कि बच्चों को बस तक छोड़ने के लिए और स्कूल में लाने के लिए सहायिका की मुख्य भूमिका होती है। यदि कोई स्कूल सुरक्षित वाहन पॉलिसी द्वारा निर्धारित मापदंडो को पूरा नहीं करता है तो उसके स्कूल के वाहन को जब्त कर लिया जाएगा। जिसके लिए स्कूल प्रशासन जिम्मेदार होगा। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों मे चाइल्ड हेल्पलाइन, एक्सीडेंट हेल्पलाइन, पुलिस हेल्पलाइन आदि नंबर अंकित अवश्य होने चाहिए। इसके साथ ही सुरक्षित माहौल भी स्कूल के द्वारा उपलब्ध करवाया जाना आवश्यक है। जो भी कमेटी बच्चों से संबंधित सरकार द्वारा बनाई गई है उनके कार्य प्रणाली सुनिश्चित की जाए।

### स्कूल बैग का भार 1.500 किग्रा निर्धारित

स्कूल बैग पॉलिसी के बारे में डॉ. मांगेराम व मीना कुमारी ने अधिकारियों को बताया कि नर्सरी से पहली कक्षा तक के बच्चों को किसी भी प्रकार का कोई होमवर्क न दिया जाए और कोई भी किताब स्कूल के द्वारा उन पर थोपी न जाए। स्कूल बैग का भार एक किलो 500 ग्राम तक निर्धारित किया गया है। पहली कक्षा से चौथी कक्षा तक के बच्चों के लिए उनके बैग का भार 4 किलो तक निर्धारित किया गया है। इससे अधिक भार बच्चों को न दिया जाए। छोटे बच्चों को प्ले वे मेथड के द्वारा शिक्षा प्रदान की जाए। उनमें खेल की भावना को विकसित किया जाए। पढ़ाई का दबाव उन पर ना दिया जाए क्योंकि यह उनके शारीरिक और मानसिक विकास को नुकसान पहुंचता है।

पुलिस टीम पर भी फायर किया था

# फरार चल रहा 25 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सीआईए-2 की टीम ने छापेमारी करते हुए अति वांछित आरोपी को काबू किया है। सीआईए-2 प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि सीआईए-2 स्टाफ की टीम ने अति वांछित की सूची में फरार चल रहे 25 हजार इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है। प्रभारी सीआईए-2 ने बताया कि 19 अप्रैल को यूपी पुलिस ने छापेमारी करते हुए कुछ आरोपियों को अवैध हथियार व चोरीशुदा गाड़ी सहित काबू किया था। इस दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर फॉयर किया तथा मौके से फरार हो गए। आरोपियों के खिलाफ थाना नौचंदी (मेरठ) में बीएनएस अंकित किया गया। वारदात में शामिल रहे आरोपी को अति वांछित की सूची में शामिल किया गया व आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। 19 मई को सीआईए-2 स्टाफ टीम पीएसआई कृष्ण कुमार के नेतृत्व में 25 हजार रुपये इनामी अति वांछित आरोपी शिवनाथ उर्फ सोनू निवासी जिला मेरठ को काबू किया गया।



कान्स फिल्म फेस्टिवल



# रेड कार्पेट पर उतरीं शर्मिला और सिमी

## 'अरण्येर दिन रात्रि' का हुआ प्रीमियर

*पेरिस। 'कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025' का रेड कार्पेट सितारों से सज गया है। इस बीच हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल, सत्यजीत रे की फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि' की स्क्रीनिंग में शामिल हुईं। फिल्म के प्रीमियर पर दोनों ने रेड कार्पेट की वॉक किया और इसकी शोभा बढ़ाई।*

### सिमी ग्रेवाल का पहला प्रदर्शन

कान्स फिल्म फेस्टिवल में अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल ने वॉक किया। 'अरण्येर दिन रात्रि' के विशेष प्रीमियर के लिए दोनों ने बेहतरीन ड्रेस पहनी थी। उन्होंने एक साथ रेड कार्पेट पर पोज भी दिया। शर्मिला टैगोर ने हरे रंग की शानदार साड़ी पहनी थी, जबकि सिमी ग्रेवाल आइवरी रंग की ड्रेस में रेड कार्पेट पर चलीं। फिल्म के प्रीमियर के दौरान इसे स्टैंडिंग ओवेशन भी मिला। लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाईं। इस दौरान शर्मिला टैगोर की बेटी सबा पटौदी भी मौजूद थीं। दिलचस्प बात यह है कि सिमी ग्रेवाल का कान्स में यह पहला प्रदर्शन था।

### फिल्म को 4के में किया गया है री-स्टोर

फिल्म निर्माता सत्यजीत रे की फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि'को अमेरिकी फिल्म निर्माता वेस एंडरसन के नेतृत्व में छह वर्षों में फिर से बनाया गया। इसे री-स्टोर करने का प्रोजेक्ट साल 2019 में शुरू हुआ। यह तब शुरू हुआ जब, मार्टिन स्कॉर्सेसे की द फिल्म फाउंडेशन के बोर्ड में अपने पद के माध्यम से एंडरसन ने फिल्म को संरक्षित करने के बारे में चर्चा शुरू की। निर्देशक के सत्यजीत रे के काम के प्रति जुनून ने द फिल्म फाउंडेशन के वर्ल्ड सिनेमा प्रोजेक्ट, फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन, जेनस फिल्म्स और द क्राइटेरियन कलेक्शन के बीच सहयोगात्मक प्रयास को आगे बढ़ाया, जिसमें गोल्डन ग्लोब फाउंडेशन द्वारा फंड दिया गया।

### 24 मई को तक चलेगा फेस्टिवल

सिमी ग्रेवाल का कान्स में यह पहला प्रदर्शन था। फिल्म फेस्टिवल 2025 की शुरुआत 13 मई से हुई है। पिछले छह दिनों में कई भारतीय सितारों ने रेड कार्पेट पर वॉक किया और इसकी शोभा बढ़ाई। कईयों के लिए यह साल खास रहा, क्योंकि उन्होंने कान महोत्सव में अपना डेब्यू किया। समारोह का समापन 24 मई को होगा।




## उर्वशी का जबरदस्त नया लुक

उर्वशी रौतेला इन दिनों उर्वशी रौतेला फिल्म फेस्टिवल में अपना जलवा बिखेर रही है। हाल ही में वह जहां ऊप्स मोमेंट का शिकार हुईं, तो वहीं अगले दिन उनका एक और शानदार लुक सामने आया है। उसने अपना एक और लेटेस्ट लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें वह स्टाइलिश बॉडीकॉन ड्रेस में लाजवाब पोज देती नजर आईं। इस नए लुक में उर्वशी बॉडीकॉन ड्रेस में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस की इस ड्रेस में लॉन्ग स्लीव्स के साथ नेकलाइन पर ब्राउन रंग का स्टाइलिश लुक दिया गया है। इसके साथ एक्ट्रेस ने गले में कई नेकलेस पीस पहने हुए हैं, जो उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं। इस लुक के साथ उर्वशी का हेयर स्टाइल उन्हें और भी खास बनाता है। इस लुक में उर्वशी को देखकर उनके फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं और उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं।

## डेनजल वाशिंगटन को मिला 'पाम डी ओर'

## डकोटा जॉनसन ने दिखाई दिलकश अदा



पेरिस। हॉलीवुड अभिनेता डेनजल वाशिंगटन को कान्स फिल्म फेस्टिवल में एक बड़ा सरप्राइज मिला। अभिनेता को पाम डी'ओर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें सिनेमा में उनके लंबे और सफल कॅरियर को देखते हुए दिया गया।

*फिल्म की स्क्रीनिंग से पहले मिला पुरस्कार* : यह सम्मानित पल स्पाइक ली द्वारा निर्देशित उनकी नवीनतम फिल्म 'हाईएस्ट 2 लोएस्ट' की स्क्रीनिंग से ठीक पहले घटित हुआ। कान्स फेस्टिवल के निदेशक थिएरी फ्रेमॉक्स ने उन्हें पुरस्कार दिया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद वह भावुक हो गए। डेनजल वाशिंगटन यह सम्मान पाने वाले 22वें व्यक्ति बन गए हैं।


*गर्लफ्रेंड के साथ पहुंचे 'एक्वामैन' एक्टर* : 'एक्वामैन' फेम अभिनेता जेसन मोमोआ और अमेरिकी अभिनेत्री एड्रिया अर्जियोना ने 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया। वह दोनों 'स्प्लिट्सविले'की स्क्रीनिंग के लिए पहुंचे। इस दौरान रेड कार्पेट पर दोनों ने पोज दिया।

### इन दिग्गजों को भी मिल चुका है पुरस्कार

2002 में मानद पाल्मे डी'ओर की शुरुआत के बाद से, इसे फिल्म जगत के कुछ सबसे सम्मानित लोगों को दिया गया है। पिछले प्राप्तकर्ताओं में क्लिंट ईस्टवुड, जोडी फॉस्टर, माइकल डगलस, मेरिल स्ट्रीप और जॉर्ज लुकास शामिल हैं। 2022 में टॉम क्रूज को भी इस पुरस्कार से सरप्राइज दिया गया था।


### जेसन और एड्रिया ने दिया रोमांटिक पोज

सोमवार को 'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे'फेम अभिनेत्री डकोटा जॉनसन ने भी रेड कार्पेट पर जलवे बिखेरे। अभिनेत्री ने खुद को खूबसूरत कॉटन-कैंडी गुलाबी फ्रिंज गाउन में स्टाइल किया था। जॉनसन ने अपने गुलाबी लुक को चांदी की बालियों के साथ पूरा किया।'एक्वामैन' फेम अभिनेता जेसन मोमोआ और अमेरिकी अभिनेत्री एड्रिया अर्जियोना ने रेड कार्पेट पर रोमांटिक पोज दिया।



## कैलिफोर्निया में वेकेशन मना रही हैं माधुरी

**मुंबई।** बॉलीवुड धक-धक गर्ल इन दिनों अपने पति डॉ नेने के साथ वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। डॉ. नेने ने अपनी पत्नी और एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के साथ कैलिफोर्निया की सिटी सांता मोनिका में वेकेशन की खास झलक अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है। इन तस्वीरों के साथ डॉ नेने ने एक खास पोस्ट भी लिखा है। डॉ. श्रीराम नेने ने आज इंस्टाग्राम पर पत्नी माधुरी दीक्षित के साथ वेकेशन की कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। यह सभी तस्वीरें कैलिफोर्निया की सिटी सांता मोनिका की हैं। डॉ नेने ने इन लाजवाब तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, 'बाहर और इधर-उधर। सांता मोनिका में माहौल बहुत अच्छा लग रहा है!' इस तस्वीर में माधुरी अपने पति डॉ. श्रीराम नेने के साथ सेल्फी लेती नजर आ रही हैं। दोनों के चेहरों पर बड़ी सी स्माइल है।



## हेरा फेरी-3 : एक दिन शूट करके परेश गायब

**मुंबई।** परेश रावल के फिल्म 'हेरा फेरी 3' छोड़ने की खबर ने फैंस और फिल्म इंडस्ट्री को चौंका दिया है। फिल्म के डायरेक्टर प्रियदर्शन ने अब इस पूरे मामले पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि परेश ने यह फैसला करने से पहले उन्हें कोई जानकारी नहीं दी थी। वो खुद इस स्थिति से हैरान और निराश हैं। प्रियदर्शन ने कहा, 'फिल्म शुरू होने से पहले मैंने तीनों - अक्षय, सुनील और परेश- से क्लियर पूछा था कि क्या आप लोग तैयार हैं? सबने कहा- हां। फिर हमने एक दिन शूट भी किया। सब स्मूद चला। लेकिन, अचानक परेश जी के हटने की खबर आई... बिना कुछ बोले, बिना कोई कारण बताए। आज तक उन्होंने मुझसे इस बारे में कोई बात ही नहीं की।' वहीं, जब हमने प्रियदर्शन से पूछा कि क्या वाकई अक्षय कुमार ने परेश रावल पर 25 करोड़ का दावा ठोका है।



## फिल्म का ऐलान करने आए हीरो-हीरोइन अपनी गुड न्यूज देकर छाए, बोले- हम शादी कर रहे हैं

*नई दिल्ली। तमिल एक्टर विशाल (47) और साई धनशिका (35) अगस्त में शादी करने जा रहे हैं। दोनों एक्टर्स ने सोमवार को चेन्नई में 'योगी दा' प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने रिश्ते को ऑफीशियली अनाउंस किया और खुशखबरी शेयर की। फैन्स से बात करते हुए धनशिका ने कहा कि वे एक-दूसरे को 15 सालों से जानते हैं, लेकिन हाल ही में डेटिंग शुरू की है। धनशिका ने कहा कि एक समाचार रिपोर्ट के वायरल होने के बाद उन्हें अपने रिश्ते को ऑफीशियल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा, 'हम प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनाउंसमेंट नहीं करना चाहते थे। उन्होंने कहा, 'विशाल और मैं 29 अगस्त को शादी करने की प्लानिंग कर रहे हैं। मैं विशाल को पिछले 15 सालों से जानती हूं. जब भी हम पहले मिले, उन्होंने मेरे साथ हमेशा बहुत ही अच्छा व्यवहार किया।जब मैं बहुत मुश्किल में थी, तो वे मेरे घर आए और मेरे लिए आवाज उठाई। कोई भी हीरो मेरे घर कभी नहीं आया।यह उनका बहुत प्यारा व्यवहार था। अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'अभी हाल ही में हमने एक-दूसरे से बातचीत शुरू की है और हमें लगा कि यह किसी नतीजे पर पहुंच रहा है। आपसी सहमति से हम समझ गए कि हम शादी करना चाहते हैं। मैं बस यही चाहती हूं कि वह खुश रहें. मैं तुमसे प्यार करती हूं विशाल।' विशाल ने खुशी-खुशी अपनी शादी की खबर मीडिया को दी और कहा, 'मेरी शादी तय हो गई है। मेरी एक लड़की मिल गई है। धनशिका के पिता यहां हैं और उनके आशीर्वाद से, मैं उसे मिलवा रहा हूं। मैं बहुत खुश हूं, और मैं धनसिका से शादी करने जा रहा हूं।*

## टीवी मसाला



## एक बार फिर दर्शकों को रोमांचित करने आ रहा 'शक्तिमान'

**नई दिल्ली।** लंबे समय से चर्चा है कि मुकेश खन्ना के टीवी सीरियल 'शक्तिमान' पर बॉलीवुड फिल्म बनेगी। हालांकि अभी इस फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। लेकिन, मुकेश खन्ना एक बार फिर 1990 की दहाई के सुपरहीरो 'शक्तिमान' के रूप में वापस आ रहे हैं। इस बार वह वीडियो फॉर्मेट में नहीं, बल्कि ऑडियो फॉर्मेट में आने वाले हैं। पॉकेट एफएम 'शक्तिमान' शो को एक नई मूल ऑडियो सीरीज के तहत दोबार पेश करने वाला है। इसमें मुकेश खन्ना एक बार फिर सुपरहीरो बन रहे हैं। इस बार वह आवाज के जरिए सुपरहीरो बनेंगे। पॉकेट एफएम ने इस ऑडियो सीरीज के बारे में इंस्टाग्राम पर जानकारी दी है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है 'जिस लीजेंड पर आप पहले विश्वास करते थे, वह पहले कभी न देखे गए अवतार में वापस आ रहा है। जल्द ही शक्तिमान ऑडियो सीरीज आ रही है, सिर्फ पॉकेट एफएम पर।' पाकेट एफएम ने इंस्टाग्राम पर जो पोस्ट शेयर की है उसमें एक वीडियो भी है। वीडियो में शक्तिमान के रूप में मुकेश खन्ना मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो पर लिखा है 'शक्तिमान ऑडियो सीरीज जल्द आ रही है। 20 सालों तक भारत ने अपने सुपरहीरो का इंतजार किया। 20 साल के अंधेरे के बाद वह फिर से जाग गया है। शक्तिमान ऑडियो सीरीज जल्द आ रही है।' आपको बता दें 'शक्तिमान' एक सुपरहीरो टेलीविजन सीरीज थी। यह सितंबर 1997 से मार्च 2005 तक डीडी नेशनल पर प्रसारित हुआ। यह सीरीज काफी मशहूर थी। इसे बच्चों ने खूब पसंद किया। इस शो के बाद 2011 में 'शक्तिमानः द एनिमेटेड सीरीज' और 2013 में एक टेलीविजन फिल्म, 'हमारा हीरो शक्तिमान' आई।

## 'वॉर 2' का टीजर रिलीज, ऋतिक-जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त एक्शन



**मुंबई।** फैंस का इंतजार खत्म हुआ। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया। टीजर में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त एक्शन देखने को मिला है। अब टीजर आते ही सोशल मीडिया पर वायरल है। फैंस टीजर में अपने-अपने पसंदीदा कलाकार को देखकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। 'वॉर 2' इसी साल 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित 'वॉर 2' यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। इससे पहले 'वार' 2019 में रिलीज हुई थी, जिसमें ऋतिक के साथ टाइगर श्रॉफ नजर आए थे। जूनियर एनटीआर के फैंस जहां वॉर 2 को बॉलीवुड में डेब्यू के लिए उनकी परफेक्ट फिल्म बता रहे हैं। वहीं, ऋतिक फैंस उनकी झलक देखकर काफी उत्सुक हैं। वॉर 2 के टीजर को फैंस का मिला-जुला रिस्पॉन्स मिल रहा है। अधिकांश यूजर्स टीजर को मास एंटरटेनर और शानदार बता रहे हैं। कई फैंस इस फिल्म की शानदार ओपनिंग की बात कह रहे हैं। फैंस वॉर 2 के टीजर को बेस्ट बता रहे हैं।

### अमिताभ की वजह से सुपरस्टार को चुकानी पड़ी थी कीमत

## संजीव कुमार ने की रिजेक्ट, विनोद खन्ना के हाथ लगी ब्लॉकबस्टर


*नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन- विनोद खन्ना की ब्लॉकबस्टर फिल्म, जो मशहूर पटकथा लेखक सलीम-जावेद की कलम से निकली थी, जो उस समय बॉलीवुड में हिट मशीन बन चुके थे। फिल्म में विनोद खन्ना ने इंस्पेक्टर विशाल का रोल निभाया था, लेकिन ये रोल पहले संजीव कुमार को ऑफर हुआ था। लेकिन, उन्होंने स्क्रिप्ट में 'कम स्क्रीन टाइमट की वजह से इसे रिजेक्ट कर दिया था।*

### शूटिंग के वक्त हुआ था बड़ा हादसा

साल 1978 की उस ब्लॉकबस्टर फिल्म का नाम है 'मुकद्दर का सिकंदर'। इस फिल्म ने रिलीज के समय तहलका मचा दिया था। फिल्म की टिकट तक मिलना मुश्किल हो गया था। लेकिन, इसकी शूटिंग के वक्त एक बड़ा हादसा हो गया था। इस फिल्म को भले ही दर्शक कभी नहीं भुला पाएंगे। लेकिन, मेकर्स भी इस फिल्म को कभी नहीं भुला पाएंगे। दरअसल, फिल्म की शूटिंग के वक्त बिग बी के हाथ से कुछ ऐसा हुआ कि बॉलीवुड के मोस्ट हैंडसम एक्टर की ठोड़ी पर छह टांके आए थे।

### विनोद खन्ना के चेहरे पर लगा ग्लास

बात साल 1978 में रिलीज हुई फिल्म 'मुकद्दर का सिकंदर' के उस सीन की है जिसमें अमिताभ बच्चन द्वारा फेंका गया कांच का गिलास विनोद खन्ना की ठोड़ी पर जा लगा, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई और छह टांके लगाने पड़े। दरअसल, मुकद्दर का सिकंदर' का एक इमोशनल सीन शूट करना था। अमिताभ बच्चन अपने किरदार में इस कदर डूब गए थे कि वह उन्होंने ग्लास इतनी तेज फेंका कि ये सीधा विनोद खन्ना के चेहरे पर जा लगा। सेट पर मौजूद सभी लोग तुरंत हरकत में आए और विनोद खन्ना को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां उनके छह टांके आए।




### गीत और डायलॉग किए गए थे पसंद

इस फिल्म की कहानी और गीत ही नहीं, इस फिल्म के डायलॉग भी काफी पसंद किए गए थे। जितनी शराब पी है, उसी में डूब मरो! विनोद खन्ना के इस डायलॉग पर सेट पर तालियां बजी थीं। यह सीन कई बार री-टेक हुआ, क्योंकि विनोद खन्ना बार-बार अपनी हंसी रोक नहीं पा रहे थे, जब अमिताभ बच्चन शराबी अदाओं में डगमगाते थे।

### जोहरा बाई के रोल में रेखा ने डाल दी थी जान

इस फिल्म में विनोद खन्ना ने विशाल आनंद की भूमिका निभाई थी। विनोद खन्ना ने इस फिल्म को तब हामी दी थी, जब अमिताभ बच्चन के बराबर फीस ऑफर हुई थी। फिल्म में रेखा का जोहरा बाई का रोल काफी छोटा था, लेकिन उन्होंने उसमें जान डाल दी, उनकी आंखों के इमोशन्स और 'सलाम-ए-इश्क' में उनकी . अदायगी ने दर्शकों को दीवाना बना दिया था। विनोद खन्ना और अमिताभ की इस फिल्म ने उस वक्त एक करोड़ के बजट में बनकर 2 करोड़ 69 लाख रुपए बिजने किया था।

### पांच दिन से कर्मचारी नहीं पहुंच रहे कूड़ा उठाने

# महम शहर में सफाई व्यवस्था चरमराई वार्डों में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर

- वार्ड 12 के पार्षद बजरंग गोयल ने कहा नगर पालिका बन चुकी भ्रष्टाचार का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

महम शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। शहर के चौक चौराहों पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। पिछले पांच दिन से नगर पालिका का कोई कर्मचारी कूड़ा उठाने नहीं आया है। कूड़ा उठाने के लिए लगाए गए वाहनों के पहिए भी थम गए हैं। कूड़ा उठाने रोजाना जो वाहन पहुंचते थे, अब वे नहीं आ रहे। जिस वजह से शहर की गलियां व चौक चौराहे कूड़े से अट गए हैं। शहर में जगह जगह पड़े कूड़े के ढेर बदबू मार रहे हैं, जिस वजह से बीमारी फैलने का खतरा पैदा हो गया है। वाहन चालकों और राहगीरों को गलियों से गुजरने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिन मकानों और दुकानों के सामने कूड़ा पड़ा हुआ है, उन मकान मालिकों और दुकानदारों का जीना दुभर हो गया है।

वार्ड 12 के पार्षद बजरंग गोयल ने बताया कि उनके वार्ड का हाल तो और भी खराब हो गया है। लोग नगर पालिका अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ साथ उनको भी कोस रहे हैं। लोगों के प्रति पार्षद इस बात के लिए जवाबदेह भी है। लोग उनसे पूछते हैं कि ऐसा क्यों हो रहा है। वार्ड में इतनी भारी मात्रा में कूड़ा सड़ रहा है। उनके बीमार होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। ऐसे में उनको कोई कदम उठाना चाहिए। उन्होंने कई बार नगर पालिका अधिकारियों से भी बातचीत की है। लेकिन नगर पालिका अधिकारी समस्या का समाधान नहीं कर रहे। नगर पालिका अधिकारियों द्वारा कूड़ा न उठाए जाने से नाराज वार्ड 12 के पार्षद बजरंग गोयल ने कहा है कि नगर पालिका भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुकी है। यहां नागरिकों के लिए समाधान नहीं किए, जाते बल्कि छोटे छोटे कार्यों के लिए लोगों के चक्कर कटवाए जा रहे हैं।



महम। कस्बा महम की गलियों में जगह जगह लगे कूड़े के ढेर। फोटो : हरिभूमि

#### पेयजल के लिए शहर में हाहाकार मचा

नगर पालिका के वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर ने बताया कि शहर में लोगों को नियमित रूप से पेयजल नहीं मिल रहा। जनस्वास्थ्य विभाग पेयजल उपलब्ध करवाने में नाकाम साबित हो रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा पानी के टैंकर घर घर पहुंचाने चाहिएं। लेकिन यह महकमा ऐसा नहीं कर रहा। महम नगर पालिका के पास तीन पानी के टैंकर हैं। यदि शहर के लोग पानी के टैंकर की मांग करते हैं, तो नगर पालिका द्वारा भी लोगों को टैंकर मुहैया नहीं करवाए जा रहे। लोग पानी के टैंकर का पैसा देने को तैयार हैं। लेकिन ट्रैक्टर व टैंकर चलाने वाले ड्राइवर मौज मार रहे हैं। लोगों को पैसे में भी पानी नहीं मिल रहा।

#### ठेकेदार को लगाया है जुर्माना: एसडीओ

पालिका अभियंता अशोक हुड्डा ने बताया कि सफाई ठेकेदार को ठीक से काम न करने की वजह से उसको जुर्माना लगाया है। जिस वजह से वह खफा है और नगर पालिका अधिकारियों की शिकायत लेकर चंडीगढ़ गया है। सफाई ठीक से न किए जाने पर ठेकेदार के खिलाफ समय समय पर एक्शन लेते हैं। पानी के टैंकरों की सप्लाई के लिए भी व्यवस्था करवा रहे हैं।

## बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

- छात्रों ने रचनात्मकता के माध्यम से दिया मधुमक्खियों को बचाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

विश्व मधुमक्खी दिवस के अवसर पर बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान संकाय द्वारा कुलपति प्रोफेसर डॉ. एचएल वर्मा के मार्गदर्शन में मधुमक्खियों के महत्व और उनके संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख कीट विशेषज्ञ डॉ. दिलबाग सिंह अहलावत के साथ-साथ संकाय के शिक्षक डॉ. विकास भारद्वाज, डॉ. कृपाराम और डॉ. एकता ने भी भाग लिया। उन्होंने बताया कि मधुमक्खियां प्रकृति की जैविक विविधता में एक केंद्रीय भूमिका निभाती हैं। विशेष रूप से परागण की प्रक्रिया में इनका योगदान अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

डॉ. अहलावत ने कहा कि यदि मधुमक्खियां न हों, तो न केवल खाद्य उत्पादन में भारी गिरावट आएगी, बल्कि संपूर्ण पारिस्थितिक तंत्र असंतुलित हो जाएगा।

विश्वविद्यालय के प्रमुख प्रो. (डॉ.) रणबीर सिंह मलिक ने कहा कि मधुमक्खियां केवल शहद उत्पादन के लिए ही नहीं, बल्कि समग्र पारिस्थितिक संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। हमें सामूहिक रूप से इनके संरक्षण की दिशा में कार्य करना होगा।



रोहतक। मधुमक्खी दिवस के अवसर पर बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता के प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

## चित्रकला प्रतियोगिता में सिया प्रथम और आरना द्वितीय

**रोहतक।** सांगवान इंटरनेशनल स्कूल की होनहार छात्रा सिया और आरना ने हाल ही में आयोजित कोबरा आर्ट जोन राष्ट्रीय चित्रकला कार्यशाला में अपनी कला शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह चित्रकला कार्यशाला रेवाड़ी में आयोजित की गई थी, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों और शहरों से आए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद आरना और सिया ने अपनी रचनात्मकता, रंग संयोजन और कल्पनाशक्ति के माध्यम से निर्णायक मंडल का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता में सिया ने प्रथम स्थान और आरना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधक राजेश सांगवान, प्रधानाचार्य मनीषा सांगवान, स्कूल समन्वयक प्रमिला सांगवान, उप प्रधानाचार्य ऋतु विज ने सिया और आरना के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक में पुस्तक वार्ता सत्र के दौरान पुस्तक दिखाते हुए पुस्तक लेखन। फोटो : हरिभूमि

## बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में पुस्तक वार्ता सत्र का आयोजन

**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय में कुलपति प्रोफेसर डॉ. एचएल वर्मा के मार्गदर्शन में पुस्तक वार्ता सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के उन शिक्षकों को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने वर्ष 2021 से 2025 के मध्य पुस्तक लेखन में सक्रिय भूमिका निभाई है। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों द्वारा रचित पुस्तकों के पीछे की प्रेरणा, उनके लेखन अनुभव और उन पुस्तकों की शैक्षणिक उपयोगिता को विद्यार्थियों तथा अन्य शिक्षकों के समक्ष प्रस्तुत करना रहा। यह आयोजन शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच साहित्यिक संवाद को सशक्त करने की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय डॉ. सीमा शर्मा, सहायक प्रोफेसर एवं इंचार्ज, मुख्य पुस्तकालय द्वारा किया गया। इस पुस्तक वार्ता सत्र में विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित विद्वानों ने भाग लिया, जिनमें डॉ. अरुप, डॉ. मंजीत, डॉ. दीपक यादव, डॉ. ब्रिजेश, डॉ. अनिल कनवा, डॉ. देवेंद्र, डॉ. प्रदीप, डॉ. अरुणाचल, डॉ. वीके श्रीवास्तव आदि शामिल रहे। इन सभी शिक्षकों ने न केवल अपनी पुस्तकों के विषय में विस्तार से बताया, बल्कि यह भी साझा किया कि उनकी कृतियां विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम, शोध व प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में किस प्रकार सहायक हैं। प्रत्येक वक्ता ने अपने अनुभवों के माध्यम से यह बताया कि पुस्तक लेखन न केवल एक बौद्धिक प्रक्रिया है, बल्कि यह एक जिम्मेदारी भी है, जिससे समाज और शिक्षा जगत दोनों लाभान्वित होते हैं। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों व विद्यार्थियों के बीच जीवंत संवाद भी हुआ।

## ऐतिहासिक होगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव

रोहतक। हरियाणा सरकार द्वारा सन्त-महापुरुष सम्मान व विचार प्रसार योजना के तहत 30 मई को पहरावर स्थित गौड़ शिक्षण संस्थाओं की जमीन पर राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जयंती समारोह किया जा रहा है। भगवान परशुराम जयंती की तैयारियों को लेकर ब्राह्मण समाज की बैठक हुई, जिसमें बताया गया कि जयंती में मुख्यतिथि के रूप में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व संयोजक सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा रहेंगे। ब्राह्मण समाज के लोगों ने कहा कि जयंती समारोह भव्य और ऐतिहासिक होगा। मंगलवार को निगम पार्षद प्रवीण कौशिक के कार्यालय पर ब्राह्मण समाज की बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें ब्राह्मण समाज के विभिन्न प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए ब्राह्मण समाज के लोगों ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित जयंती समारोह का आयोजन सर्व समाज द्वारा किया जाएगा। बैठक में ब्राह्मण समाज की प्रमुख मांगो पर भी विचार विमर्श किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने सुझाव दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जयंती समारोह को भव्य व ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यवस्थित तरीके से विशेष कार्य योजना बनाई गयी है, उसी के अनुसार कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर निगम पार्षद प्रवीण कौशिक, गौड़ कॉलेज के प्राचार्य डॉ जयपाल शर्मा, चैयरमैन हरीश कौशिक, नवीन मसूदपुर, संदीप मुदगिल, रणधीर भारद्वाज, बिजेंद्र कौशिक, रविंद्र कौशिक, मनीष भंडारी, डॉ नवीन, विकास मिश्रा, सोनू हुड्डा, चुन्नीलाल सरपंच, भगवत दयाल सरपंच, मनीष दलाल आदि मौजूद रहे।


रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते निगम पार्षद प्रवीण कौशिक, गौड़ कॉलेज के प्राचार्य डॉ जयपाल शर्मा व चैयरमैन हरीश कौशिक।



## विज्ञान में अपने हाथों से प्रयोग विषय पर कार्यशाला आयोजित

**रोहतक।** हरकिशन मैमोरियल पब्लिक स्कूल में वैज्ञानकि नज़रयि और अपने आस-पास की चीजों के बारे में अवलोकन क्षमता एवं सहज बुद्धि के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए वज्ञिान में अपने हाथों से प्रयोग का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 3 से 12वीं तक के बच्चों ने दैनिक जीवन में मौजूद विभिन्न परिघटनाओं के आधार पर अपनी परिकल्पनाएं बनाईं और उनकी सत्यता-असत्यता की जांच की। सहजीवन फ़ाउडेशन के संस्थापक अध्यक्ष एवं हरकिशन मैमोरियल स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर नरेश बल्हारा ने बताया कि सबसे पहले बच्चों ने सब्जियों में पानी की मात्रा को समझने के लिए प्रयोग को डिजाईन किया। इस प्रक्रिया में बड़े बच्चों ने ओसमोसिस की प्रक्रिया को समझा। घुलनशीलता, घनत्व, आग का जलना, मोमबती का बुझना, पानी की विशेषताएं, इन्द्रधनुष का बनाना जैसे अनेक प्रयोग आयोजित किये और बड़े बच्चों ने इस घटनाओं के पीछे की सिद्धान्तों एवं कारणों को भी समझा। एक दिवसीय कार्यशाला का समन्वयन एवं संचालन स्कूल के विज्ञान अध्यापक विनोद सरोहा ने किया और टीम में सोनिया, हीना, दिव्यांश, बबीता, मंजू और मुस्कान ने अपनी अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया। नरेश बल्हारा ने बताया कि बच्चों ने आज के दिन को बहुत एन्जॉय किया, साथ में बहुत कुछ सीखा।

## शुभम ने सब जूनियर नेटबॉल स्पर्धा में हासिल किया तृतीय स्थान

**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल विद्यालय में नौवीं कक्षा के विद्यार्थी शुभम ने हरियाणा स्टेट सब जूनियर चैंपियनशिप नेटबॉल प्रतियोगिता में अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया और इस प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता सीबीएसएम स्पोर्ट्स स्कूल निडानी जींद में 17 और 18 मई को हुई।

इस प्रतियोगिता में शुभम ने नेशनल में अपनी जगह बनाकर मिसाल कायम की है। प्रतियोगिता में शामिल अन्य बच्चों को भी सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य आरके खन्ना और निदेशिका सुनीता अहलावत ने शुभम के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।






## खेलो इंडिया यूथ गेम्स में गोयनका के छात्र सारांश ने हिस्सा लिया

**रोहतक।** 7वीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स पटना (बिहार) में 12 से 14 मई को आयोजित की गई, जिसमें हरियाणा से 40 एथलीट्स के दल ने शिरकत की। जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल के नेशनल लेवल चैंपियन सारांश मलिक ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में चयनित होकर अपने स्कूल एवं माता-पिता का नाम रोशन किया। सारांश ने 1500 मीटर दौड़ में हिस्सा लिया। स्कूल के डायरेक्टर विक्रांत मायना, सान्या मायना, सह निदेशक हिमांशु गुप्ता, प्राचार्या सविता नेहरा एवं उप-प्राचार्य अनिल कुमार ने सारांश को खेलो इंडिया यूथ गेम्स में चयनित होने एवं बेहतरीन प्रदर्शन करने पर बधाई दी।



## शहीद सतपाल सिंह गिरोह राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बोहर का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**रोहतक।** शहीद सतपाल सिंह गिरोह राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बोहर का 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा का परिणाम सराहनीय रहा। प्राचार्या सुनीता राठी ने बताया कि दसवीं में 29 छात्राओं ने परीक्षा दी। जिसमें आठ बच्चों ने मेरिट में स्थान बनाया और 21 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की। हिमांशी ने 88% अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पलक 87.80 प्रतिशत अंक लेकर दूसरे स्थान पर रही जबकि तीसरे स्थान पर अनामिका 85.20 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही।


रोहतक। छात्राओं को सम्मानित करते अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के पदाधिकारी।

## वनवासी कल्याण आश्रम पदाधिकारी ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया

**रोहतक।** जैन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कपड़ा व्यापारी रमेश गोयल, मुकेश जैन, अनुराग जैन, अमित वधवा ने भारतीय गौरवशाली इतिहास के बारे में छात्राओं को जानकारी दी।

अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के पदाधिकारी ने छात्राओं को दान के लिए प्रोत्साहन किया। इन्होंने कहा कि अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम वनाचंल में बिखरी प्रतिभाओं को खोज कर उनमें छुपी संभावनाओं को अभिव्यक्त होने का अवसर देता है। बेटियां श्रेष्ठ नागरिक बनें, इसके प्रयास कल्याण आश्रम लगातार करता है। कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्य अलका जैन व अन्य अध्यापिकाएं मौजूद रहीं।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- BAMS 6
- PRO 5
- RMO 5

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599



## खबर संक्षेप



### बालंद के जयवीर को मिली बैट्री रिक्शा

**रोहतक।** समाधान शिविर में बालंद निवासी जयवीर ने समाधान शिविर में बैट्री चालित रिक्शा की फरियाद लगाई थी। इसके उपरांत इन्हें जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा लाभार्थी को बैट्री चालित रिक्शा उपलब्ध करवा दी गई है। जयवीर 100 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति है। आवेदनकर्ता ने लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार से बैट्री चालित रिक्शा की गुहार लगाई थी। उन्होंने समाधान शिविर में बताया कि उन्हें चार वर्ष पूर्व रिक्शा मिली थी, उनकी रिक्शा को किसी वाहन चालक ने क्षतिग्रस्त कर दिया था।

### शिविर में 33 लोगों ने रक्तदान किया

**रोहतक।** देश भक्ति स्मारक स्थल अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्र देवो भवः मिशन के संस्थापक संत बाबा सुखा शाह ने बताया कि शिविर साहिल चुघ के जन्मदिन पर आयोजित किया गया। जिसमें 33 लोगों ने रक्तदान किया। संत बाबा सुखा शाह ने रक्तदाताओं को बैच तथा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर दौरान सुभाष गोगिया, श्वेता, डॉ. लतेश, डॉ. तिलक भूटानी, देवराज हुड्डा, राजेंदर मनचंदा आदि मौजूद रहे।

### डीएसपी से की हवलदार की शिकायत, मारपीट व गाली गलौच का आरोप

**महम।** भैणीभैरों गांव के पूर्व सरपंच रोहतास पहलवान और गांव के अन्य कई लोगों ने महम के डीएसपी संदीप कुमार को महम थाने के हवलदार नरेंद्र के खिलाफ एक शिकायत दी है। जिसमें ग्रामीणों ने हवलदार पर कुछ युवकों के साथ मारपीट करने, गाली गलौच करने और जाति सूचक गालियां देने का आरोप लगाया है। शिकायत पत्र में गांव भैणीभैरों निवासी और पूर्व सरपंच रोहतास समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि दो पक्षों के झगड़े में सुलह हो गई थी। उपरोक्त पुलिसकर्मी ने उन्हें गाली-गलौज, मारपीट की और जातिसूचक टिप्पणियां की। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि हवलदार नरेंद्र सिंह ने उन्हें धमकी दी कि कोई भी उनकी गालियों और धमकियों को रोक नहीं पाएगा। शिकायतकर्ताओं में संजीत, मंजीत, राहुल, नरेंद्र, रोहन, दिनेश, अमन और सुमेर सिंह शामिल हैं। शिकायतकर्ताओं ने डीएसपी से हवलदार के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने अधिकारियों को दिए निर्देश, बरसात से पहले पूरी करें तैयारी

# ड्रेनों और शहर के सभी बरसाती नालों की सफाई निर्धारित अवधि में करवाएं अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे वर्षा ऋतु से पूर्व जिला की सभी ड्रेन शहर के बरसाती नालों की सफाई के कार्य को पूर्ण करवाए। संबंधित स्थलों पर पंप लगाए जाएं तथा चिन्हित स्थानों पर बिजली कनैक्शन लिए जाए। उन्होंने जिला में पेयजल आपूर्ति के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार व संबंधित विभागों के उच्चाधिकारियों के साथ जल निकासी व पेयजल आपूर्ति के प्रबंधों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

छोटूराम चौक पर होने वाले जल भराव के समाधान के लिए छोटूराम चौक से अप्पू घर को जोडने वाली नाली के निर्माण की समीक्षा करते हुए कहा कि इसका निर्माण निर्धारित अवधि में पूरा किया जाए। शीला बाईपास से बोहर ड्रेन को जाने वाले बरसाती नालों की सफाई हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण तथा नगर निगम द्वारा 30 मई तक पूर्ण करवाई जाए। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विभाग द्वारा नालों की सफाई के बाद कचरे का उठान सुनिश्चित करवाएं ताकि यह कचरा वापिस नालों में न बहे। डीसी ने धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि ड्रेन नंबर 8 के नजदीक जनस्वास्थ्य विभाग के डिस्पोजल से जुड़े नालों की निर्धारित अवधि में सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीरबोधी तालाब के संदर्भ में भी राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

ड्रेन नंबर 8 पर जसिया लिंक ड्रेन के आपतन स्थान के पास लिफ्ट सिस्टम की सफाई करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह, नगराधीश अंकित कुमार, जनस्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता शिवराज सिंह, जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता तरूण गर्ग, संदीप कुमार, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता राजेश भारद्वाज, अरूण मुंजाल व राजीव राठी, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के कार्यकारी अभियंता अजय राठी, नगर निगम के कार्यकारी अभियंता मनजीत दहिया सहित मीटिंग में मौजूद रहे।



**रोहतक।** जल निकासी व पेयजल आपूर्ति के प्रबंधों की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह।

### स्थाई व अस्थाई पंप सेट रखवाएं

डीसी ने लाखनमाजरा लिंक ड्रेन, महम ड्रेन, काहनौर लिंक ड्रेन की भी सफाई के निर्देश देते हुए कहा कि जून माह तक ड्रेनों की सफाई के कार्य को पूर्ण किया जाए। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे विभिन्न जल निकासी बिंदुओं पर आवश्यकता अनुसार स्थाई व अस्थाई पंप सेट रखवाएं तथा आवश्यकता अनुसार बिजली कनैक्शन भी लें।

### जलभराव वाली 16 जगह चिन्हित

नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर में जल भराव के 16 बिंदुओं की पहचान की गई है तथा इन सभी बिंदुओं पर बरसाती पानी की निकासी के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों की टीमें बनाई गई है, जिनकी तुरंत प्रभाव से डयूटी लगाई गई है। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने एलीवेटिड रेलवे ट्रेक के दोनों तरफ प्रस्तावित सडक को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए।

### 11 नए ट्यूबवेल लगेंगे

धर्मेंद्र सिंह ने जनस्वास्थ्य विभाग व सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की समीक्षा की। शहर के जलघरों में पर्याप्त जल उपलब्ध है। शहर में जिला योजना के तहत 11 नए ट्यूबवैल भी लगवाए जाएंगे। उन्होंने नगर निगम के वार्ड सात में जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पेयजल पाइप लाइन में पुलिस की मदद से कनैक्शन करने के भी निर्देश दिए।

## गाड़ी सवार युवकों पर किन्नरों ने ईंटों से किया हमला, केस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

दिल्ली बाइपास स्थित देर रात गाड़ी सवार युवकों पर किन्नरों ने ईंटों से हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी अपनी गाड़ी में सवार होकर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकातय में गांव निढाना अमित गुलिया ने बताया कि वह दो साल से इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में किराए के मकान में रहता है। वह बीएसएफ में कार्यरत है। वह भाई मनोज व अजय के साथ एक शादी से लौट रहे थे। जब वह दिल्ली बाईपास पर पहुंचे तो रांग साइड से एक थार गाड़ी आई। इसमें दो लड़कों के साथ 5 किन्नर बैठे हुए थे। आरोपियों ने उनकी गाड़ी के आगे थार लगाकर गाड़ी को रोक लिया। अमित गुलिया ने बताया कि दिल्ली बाईपास के पास थार में बैठे 5 किन्नर जैसे ही नीचे उतरे, उन्होंने हमला कर दिया। किन्नरों ने उनकी गाड़ी पर पथराव किया। जब वह रोकने के लिए गाड़ी से नीचे उतरे तो और वीडियो बनाने का प्रयास किया तो किन्नरों ने उसके सिर में ईंट मारी। हमले में उसकी आंख, कान व पसली में चोट लगी। अमित गुलिया ने बताया कि आरोपी उन्हें घायल करने के बाद मौके से फरार हो गए। उसके भाई ने घायल अवस्था में उसे सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। साथ ही इस मामले में पुलिस को शिकायत दी। अमित ने कहा कि थार सवार दो युवक रात के समय किन्नरों को साथ लेकर लोगों को लूटने का काम करते हैं।

### जांच शुरू की

कार सवार युवकों के साथ किन्नरों द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने घायल की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।
*-सुरेंद्र, एएसआई, अर्बन एस्टेट थाना*

## अवैध हथियार सहित एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

सीआईए-1 की टीम ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके कार्रवाई की गई है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सीआईए-1 प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि कॉलेज मोड कलानौर से बसाना रेलवे फाटक की तरफ युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान अरुण निवासी निंगाना के रूप में हुई। युवक के पास से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है। पता लगाया जा रहा है कि वह पिस्तौल कहां से लाया।

## फर्स्ट पंचायत क्रिकेट में पहरावर की शानदार जीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

गांव पिलाना की ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित फर्स्ट पंचायत क्रिकेट टूर्नामेंट में गांव पहरावर की क्रिकेट टीम ने बहु गांव की क्रिकेट टीम को तीन विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की है। ग्राम पंचायत पिलाना द्वारा पहरावर की टीम को 31000 रुपए और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। पहरावर की क्रिकेट टीम के कप्तान सोंटी कौशिक ने बताया कि टूर्नामेंट में टीम ने सभी लीग मैच जीत कर फाइनल में आखरी ओवर की सेकेंड लास्ट बाल पर छक्का मार कर शानदार जीत दिलाई है। जिला रोहतक के गांव पिलाना की ग्राम पंचायत द्वारा गांव में फर्स्ट पंचायत क्रिकेट टूर्नामेंट 25 अप्रैल से 19 मई तक आयोजित किया गया। इस टूर्नामेंट में प्रदेश भर से 32 टीमों ने भाग लिया। ग्राम पंचायत द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 31000 रुपया और ट्रॉफी, दूसरे स्थान पर आने वाली क्रिकेट टीम को 21000 और ट्रॉफी और तीसरे स्थान पर आने वाली टीम को 7100 रुपए और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। गांव बहू की क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 165 रन बनाए। पहरावर गांव की टीम ने सेकेंड लास्ट बॉल पर छक्का मारकर टूर्नामेंट में जीत हासिल की।



## भाजपा की महिला विंग ने शहर में निकाला मार्च

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

सिंदूर ऑपरेशन के समर्थन में मंगलवार को भाजपा महिला मोर्चा ने गोहाना स्टेंड से लेकर सुभाष चौंक तक मार्च किया। मार्च की अगुवाई करते हुए बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सरिता नारायण ने कहा कि पाकिस्तानी आंतकवादियों ने पहलगाम में हमारी 26 बहनों का सिंदूर उजाड़ा था। उसका बदला लेने के लिए सेना ने पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई की। आज की तारीख में पाकिस्तान भारतीय सेना से कांप रहा है। पाकिस्तान स्थित आतंकी प्रशिक्षण शिविरों पर हमला करके भारत ने पूरी दुनिया को संदेश दिया है कि आतंकवाद को किसी भी सूरत में अब स्वीकार नहीं किया जाएगा। नारायण ने बताया कि देश की सुरक्षा को लेकर जो भी जरूरी कदम मोदी सरकार उठा सकती है, वे हर हाल में उठाए जाएंगे। क्योंकि अब भारत की विदेशी नीति में आमूल-चूल परिवर्तन हो चुका है। कोई भी आतंकवादी संगठन पर भारत में वारदात करेगा तो उसका करार जवाब तुरंत मिलेगा। गोहाना स्टेंड पर लाला लाजपतराय की प्रतिमा से शुरू हुआ मार्च सुभाष चौंक पर नेता जी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा के समक्ष संपन्न हुए। इस मौके पर मार्च में शामिल महिलाओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। कार्यक्रम में यात्रा की संयोजक मेजर ज्योति बोहर और सह संयोजक प्रतिभा सुमन, उषा शर्मा, आशा ,ज्योत्सना रोहिल्ला, रेखा, रानी, राज रानी, निगम पार्षद रिंकू, सुमन, वीना सिक्का, रेखा, अनीता, सुनीता, सुषमा, मौजूद रहीं।




**रोहतक।** तिरंगा यात्रा निकालती भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी व सदस्य।

## बायोटेक इंडस्ट्री में करियर के अवसर समझाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी द्वारा विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष व्याख्यान श्रृंखला के तहत-फ्रॉम कैंपस टू करियर, मेंटरशिप फॉर बायोटेक इंडस्ट्री विषय पर मेंटरशिप सत्र का आयोजन किया गया। सीएमबीटी के निदेशक डॉ. हरि मोहन ने इस तरह के कार्यक्रम को महत्वपूर्ण बताया। इंग्लैंड के सेंटौरी थेरेप्यूटिक्स की वैज्ञानिक और सीएमबीटी की पूर्व छात्रा डॉ. जया सैनी ने इस व्याख्यान कार्यक्रम में बतौर वक्ता शिरकत की और बायोटेक इंडस्ट्री में करियर के अवसरों बारे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने एमएससी और पीएचडी के बाद बायोटेक इंडस्ट्री में प्रवेश के लिए क्षमता निर्माण और रणनीतियों पर अपनी विशेषज्ञता साझा की। उन्होंने विदेश में पीएचडी करने के लिए छात्रवृत्ति हासिल करने पर भी बहुमूल्य मार्गदर्शन दिया, जिसमें कॉमनवेल्थ स्कॉलरशिप, क्यूरी फेलोशिप आदि जैसे प्रतिष्ठित कार्यक्रम शामिल हैं। उन्होंने छात्रों को वैश्विक शैक्षणिक और व्यावसायिक अवसरों की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्रों से क्षमता निर्माण, कौशल अधिग्रहण और सॉफ्ट स्किल विकास के लिए आगे आने का आह्वान किया। दिल्ली के लर्नर्स अकादमी की संस्थापक और सीएमबीटी की पूर्व छात्रा आस्था सिंगला ने डीबीटी, बायोटेक और अटल इनक्यूबेशन जैसी विभिन्न फंडिंग एर्जेसियों पर ध्यान केंद्रित किया और सफल उद्यमिता और करियर विकास के लिए विविध अवसरों की खोज करने के महत्व पर जोर दिया।



## संगठन विस्तार : इनेलो के शहरी अध्यक्ष बने राकेश सहगल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ने संगठन में विस्तार करते हुए जिला शहरी अध्यक्ष सहित हल्का अध्यक्षों की नियुक्ति की है। इनेलो के प्रवक्ता एडवोकेट कृष्ण कौशिक ने बताया कि राकेश सहगल को शहरी अध्यक्ष, गढ़ी सांपला किलोई से सतीश नांदल एडवोकेट, कलानौर से जय सिंह शिमली, महम से वेद भराण व रोहतक से डीके हुड्डा को हल्का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि सूरज देहराज को अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का प्रदेश प्रधान महासचिव, राजबीर वाल्मीकि को प्रदेश महासचिव व दिलाबर महरा को जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। मंगलवार को रूपया चौक स्थित पार्टी कार्यालय में नवनियुक्त पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद कैप्टन इंद्र सिंह, पूर्व विधायक बलवंत मायना, नफे सिंह लाहली, विनोद अहलावत एडवोकेट, सतबीर सहरावत, रामभगत लाकडा, मास्टर मुख्तयार सिंह, लीलू माडौदी मौजूद रहे।

## लंबित शिकायतों को तीन दिन में निपटाएं : डीसी

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश जारी किए है कि वे सीएम विंडो तथा जनसंवाद पोर्टल की लंबित शिकायतों का तीन दिन के अंदर निपटारा करवाना सुनिश्चित करें। ऐसा न करने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे तथा प्रदेश सरकार को सूचना भेजी जाएगी। डीसी ने विभागाध्यक्षों को कहा है कि उनके कार्यालय द्वारा सीएम विंडो एवं जनसंवाद पोर्टल की शिकायतों के निपटारे बारे मौखिक व लिखित रूप से विभागों को अवगत करवाया जा चुका है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## फिल्मों को बढ़ावा देने के लिए सरकार का सराहनीय प्रयास

# हरियाणवीं फिल्मों को प्रोत्साहन राशि देने पर निर्माताओं और कलाकारों ने जताया आभार

- जिन छह फिल्मों को प्रोत्साहन राशि मिली है, उनमें दादा लखमी फिल्म भी मुख्य रूप से शामिल रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

हरियाणवीं फिल्मों को प्रदेश सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि प्रदान करने पर कलाकारों व निर्माताओं ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है। बता दें कि सोमवार 19 मई को चंडीगढ़ में हुए एक समारोह के दौरान हरियाणा में बनी कई फिल्मों को प्रोत्साहन राशि के चेक दिए गए हैं। यह बहुप्रतिक्षित घोषणा हरियाणा फिल्म पॉलिसी के तहत पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कार्यकाल में की गई थी। जिन छह फिल्मों को प्रोत्साहन राशि मिली है, उनमें यशपाल शर्मा निर्देशित एवं राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त फिल्म दादा लखमी मुख्य रूप से शामिल रही। इस फिल्म के लिए निर्माता रविंद्र सिंह राजावत और यशपाल शर्मा को एक करोड़ की राशि का चेक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा दिया गया। गौरतलब है कि हाल ही में नायब सैनी सरकार ने प्रदेश के 60 वर्ष से अधिक आयु के लोक कलाकारों को पेंशन योजना भी लागू की है। इन दोनों योजनाओं के लागू होने से प्रदेश के सिनेमा और कला क्षेत्र से जुड़े कलाकारों में भारी उत्साह है। हरियाणवी इनोवेटिव फिल्म एसोसिएशन (हाइफा) ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विशेष आभार व्यक्त किया है। लीजेंड अभिनेता जनार्दन शर्मा, यशपाल शर्मा, अनूप लाठर, राजू मान, रामपाल बल्हारा, लीला सैनी, रघुवेंद्र मलिक, विजय भाटोटिया तथा फिल्म निर्देशक अरविंद स्वामी तथा निर्माता यशबाबू उर्फ राजेंद्र वर्मा आदि ने कहा कि पहली बार हरियाणवी सिनेमा के विकास के लिए सरकार की ओर से प्रयास हुआ है। इसकी वे सभी मुक्तकंठ से सराहना करते हैं और प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। प्रदेश के कलाकारों का कहना है कि प्रदेश सरकार के इन प्रयासों से हरियाणवी सिनेमा का संवर्धन होगा और कला क्षेत्र को नई ऊंचाइयां प्रदान हो सकेंगी।



**रोहतक।** चंडीगढ़ में प्रोत्साहन राशी का चेक देते मुख्यमंत्री नायब सैनी।

## सफाई व्यवस्था में किया जाएगा सुधार, अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारी होंगे सम्मानित



**रोहतक।** कर्मचारियों को जागरूक करते नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा।

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के साथ अधिकारियों ने मंगलवार को संवाद कार्यक्रम किया। इस दौरान सभी कर्मचारियों को जागरूक किया गया।

नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि गर्मी का समय है, इसलिए कार्य करने से पहले खाना अवश्य खाए तथा समय-समय पर पानी जरूर पीए ताकि गर्मी से बचाव हो सके। सवांद के दौरान सभी कर्मचारियों ने आश्वासन दिया कि वे रोहतक शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में पूर्ण लगन से कार्य करेंगें। मुख्य सफाई निरीक्षक को निर्देश दिए गए कि सफाई कार्य में कोताही न बरती जाए, यदि कोई कर्मचारी अनुउपस्थित पाया जाता है, तो उसके विरूद्व नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाए। आयुक्त ने बताया गया कि नगर निगम द्वारा सफाई कर्मचारियों में भी एक प्रतियोगिता करवाई जाएगी तथा अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियो को सम्मानित किया जाएगा।